शोध निदेशालय

Directorate of Research

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

Phone No.0581-4022293
E-mail: office.dor@mjpru.ac.in

पत्रांकःरु.वि. / शोध निदेशालय / 2021 / 829 दिनांकः 30.06.2021

सेवा में,

समस्त अनुमोदित शोध पर्यवेक्षक
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्व अशासकीय
एवं राजकीय महाविद्यालय

महोदय / महोदया,

कृपया शोध निदेशालय के पूर्व पत्र दिनांक 18.06.2021 एवं दिनांक 30.06.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा सत्र 2021–22 हेतु शोध में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने हेतु समस्त अनुमोदित शोध पर्यवेक्षकों से उनका नवीनतम विवरण (latest information) एवं उनके निर्देशन में भरे हुए एवं रिक्त स्थानों की सूचना आनलाईन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। इसी क्रम में आपको अवगत कराना है कि अभी तक काफी कम संख्या में शिक्षकों द्वारा अपनी सूचना पोर्टल पर अपलोड करायी गई हैं।

इसी को दृष्टिगत रखते हुए माननीय कुलपति महोदय के आदेशों के अनुपालन में पूर्ण विवरण आनलाईन उपलब्ध कराने की तिथि दिनांक 31.07.2021 तक विस्तारित की जाती है। अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि अपना पूर्ण विवरण दिनांक **31.07.2021** तक अवश्य आनलाईन उपलब्ध करा दें। इसके उपरान्त यह तिथि विस्तारित किया जाना संभव नहीं होगा। यदि आपसे यह सूचना दिनांक 31.07 2021 तक प्राप्त नहीं होती है तो यह माना जायेगा कि आप शोध कार्य कराने के इच्छुक नहीं हैं तथा आपको शोधार्थी आवंटित किया जाना संभव नहीं होगा।

भवदीय,

प्रो. (सुधीर कुमार)
निदेशक–शोध निदेशालय

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव कुलपति को कुलपति महोदय के आदेशों के अनुपालन में प्रेषित।
2. कुलसचिव
3. मीडिया प्रभारी, एम.जे.पी. रु.वि. विश्वविद्यालय परिसर
4. श्री रविन्द्र गौतम को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

निदेशक–शोध निदेशालय